प्रतिदर्श प्रश्न प्रत्र

2023

अर्थशास्त्र

अनुक्रमांक | | | | | | | | |

समय :3 घण्टे   पूर्णाकं : 80

निर्देश

I. खण्ड 'अ' तथा खण्ड 'ब' के सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

II. प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।

III. प्रश्न सं॰1 तथा प्रश्न सं॰16 बहुविकल्पीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न चार खण्डों में विभक्त है। प्रत्येक खण्ड 1 अंक है, जिसमें सही विकल्प का चयन किया जाना है।

IV. प्रश्न संख्या 2 से 5 तथा 17 से 20 तक के प्रश्न अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

V. प्रश्न संख्या 6 से 9 तथा 21 से 24 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का हैं।

VI. प्रश्न संख्या 10 से 12 तथा 25 से 27 भी लघु उत्तरीय है। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है।

VII. प्रश्न संख्या 13 से 15 तथा 28 से 30 दीर्घ उत्तरीय है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।

खण्ड अ

1. दिये गये बहुविकल्पीय प्रश्नों से सही विकल्प का चयन कीजिए –

(क) त्यागे गये सर्वश्रेष्ठ विकल्प की लागत को कहते है– 1

(i) कुल लागत
(ii) औसत लागत
(iii) सीमान्त लागत
(iv) अवसर लागत

(ख) जब सीमान्त उपयोगिता शून्य होती है, तब कुल उपयोगिता होती है– 1

(i) शून्य
(ii) अधिकतम
(iii) न्यूनतम
(iv) इनमें से कोई नही

(ग) कुल परिवर्ती लागत तथा कुल स्थिर लागत का जोड़ होता है– 1

(i) कुल लागत

(ii) औसत लागत

(iii) सीमान्त लागत

(iv) इनमें से कोई नही

(घ) किस प्रकार के बाजार में फर्म कीमत प्राप्तकर्ता होती है– 1

(i) पूर्ण प्रतियोगिता

(ii) एकाधिकार

(iii) एकाधिकारी प्रतियोगिता

(iv) अल्पाधिकार

2 – उत्पादन सम्भावना वक्र क्या है? 1

3 – प्रतिस्थापन की सीमान्त दर क्या है ? 1

4 – बजट रेखा क्या है? 1

5 – उत्पादन फलन से आप क्या समझते हैं? 1

6 – तटस्थता वक्र तथा तटस्थता मानचित्र को रेखाचित्र द्वारा समझाइये । 2

7 – मॉग वक्र बायें से दायें नीचे क्यों गिरता है ? 2

8 – सीमान्त लागत को तालिका द्वारा स्पष्ट कीजिए। 2

9 – स्थिर लागत एंव परिवर्तनशील लागत का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2

10– स्थानापन्न वस्तुओं और पूरक वस्तुओं के बीच अन्तर बताइये। 3

11– मॉग के नियम की व्याख्या कीजिए। 3

12– निम्न तालिका को पूरा कीजिए – 3

उत्पादन मात्रा Q	कुल लागत TC	औसत लागत AC	सीमान्त लागत MC
1	20	–	–
2	30	–	–
3	50	–	–
4	100	–	–
5	300	–	–

अथवा

पूर्ति को प्रभावित करने वाले तत्वों को बताइये।

13– सीमान्त उपयोगिता विश्लेषण का प्रयोग करते हुए उपभोक्ता संतुलन की शर्तें बताइये। 5

14– पैमाने के प्रतिफल का क्या अर्थ है? पैमाने के बढते, स्थिर एंव घटते प्रतिफल को समझाइये। 5

15– पूर्ण प्रतियोगिता में मूल्य निर्धारण की व्याख्या कीजिए। 5

अथवा

बाजार से क्या आशय है? प्रतियोगिता के आधार पर बाजार का वर्गीकरण कीजिए ।

खण्ड ब

16– दिये गये बहुविकल्पीय प्रश्नों से सही विकल्प का चयन कीजिए–

(क) यदि सीमान्त उपभोग प्रवृति का मान 0.5 हो तो सीमान्त बचत प्रवृति का मान होगा– 1

(i) शून्य

(ii) 0.5

(iii) 0.3

(iv) इनमें से कोई नही।

(ख) दो देशों की मुद्राओं की अदला–बदली की दर को कहते हैं– 1

(i) ब्याज दर

(ii) विनिमय दर

(iii) प्रतिस्थापन दर

(iv) इनमें से कोई नही।

(ग) निम्न में से किसके द्वारा केन्द्रीय बैंक साख नियंत्रण करता है – 1

(i) बैंक दर

(ii) सांविधिक तरलता अनुपात

(iii) नकद आरक्षण अनुपात

(iv) उपर्युक्त सभी

(घ) हस्तान्तरण आय में शामिल है– 1

(i) छात्रवृत्ति

(ii) वृद्वावस्था पेंशन

(iii) बेरोजगारी भत्ता

(iv) उपर्युक्त सभी

17– न्यून मॉग से क्या अभिप्राय है? 1

18– प्रति व्यक्ति आय से क्या आशय है? 1

19– भारत में जी॰एस॰टी॰ कब लागू हुआ? 1

20– गुणक से क्या अभिप्राय है? 1

21– राष्ट्रीय आय में 'दोहरी' गणना से क्या आशय है? 2

22– उपभोग प्रवृत्ति क्या है? सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति को स्पष्ट कीजिए। 2

23– केन्द्रीय बैंक एंव व्यावसायिक बैंक में दो अन्तर लिखिये। 2

24– विनिमय दरों को प्रभावित करने वाले दो तत्वों का उल्लेख कीजिए। 2

25– व्यष्टि तथा समष्टि अर्थशास्त्र में अन्तर बताइये। 3

26– भुगतान शेष में असंतुलन के कारण बताइये। 3

27– मुद्रापूर्ति के माप बताइये। 3

अथवा

व्यावसायिक बैंक के कार्य बताइये।

28– स्फीतिक और अवस्फीतिक अन्तराल में सचित्र अन्तर कीजिए। 5

29– राष्ट्रीय आय की विभिन्न अवधारणाओं को समझाइये। 5

30– राजकोषीय घाटा क्या है? राजकोषीय घाटे से अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव की विवेचना कीजिए। 5

अथवा

सरकारी बजट के महत्व का वर्णन कीजिए।